# बिहार विधान परिषद्

**207वां सत्र**

**तारांकित प्रश्न**

## 24 जुलाई 2024

----

: [**सामान्य प्रशासन - राजस्व एवं भूमि सुधार - पर्यटन - नगर विकास एवं आवास - सहकारिता - खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण - सूचना एवं जनसम्पर्क - आपदा प्रबंधन - मंत्रिमंडल सचिवालय - निगरानी - निर्वाचन सूचना प्रौद्योगिकी** ].

**कुल प्रश्न 48**

----

### सड़क-सह-नाला का निर्माण

***38 डा. संजीव कुमार सिंह (कोशी शिक्षक):**

क्या मंत्री, **नगर विकास एवं आवास** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि पूर्णिया जिला मुख्यालय स्थित डॉलर हाउस चौक से न्यू बाईपास स्थित दुर्गा मंदिर तक सड़क की स्थिति अत्यंत ही जर्जर है तथा जल-जमाव के कारण पैदल यात्रियों के साथ-साथ साईकिल रिक्शा, टोटो आदि वाहनों को भी आवागमन में भारी फजीहत झेलनी पड़ती है ;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त पथांश में सड़क-सह-नाला का निर्माण लगभग पांच वर्षों से नहीं हुआ है, जबकि यह शहर का व्यस्तम सड़क है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार जनहित में डॉलर हाउस चौक से न्यू बाईपास स्थित दुर्गा मंदिर तक (जिसकी संभावित लम्बाई 1/2 किलोमीटर तक है) सड़क-सह-नाला का निर्माण अविलम्ब कराना चाहती है यदि हां तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

----

## पार्किंग की समुचित व्यवस्था

***39 श्री महेश्वर सिंह (पूर्वी चम्पारण स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **नगर विकास एवं आवास** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) क्या यह सही है कि पूर्वी चंपारण जिला, मोतिहारी के रक्सौल शहर में पार्किंग की व्यवस्था नहीं रहने से आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ;

(ख) क्या यह सही है कि कुछ माह पूर्व नगर परिषद्, रक्सौल ने पार्किंग के लिए जगह भी चिह्नित किया था, लेकिन इसे मूर्त रूप नहीं दिया जा सका जिसके कारण वाहनों के शहर में प्रवेश करने और सीमा पार नेपाल आने-जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि वाहन सड़क किनारे यत्र-तत्र खड़े कर दिये जाते हैं;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार रक्सौल शहर में पार्किंग की शीघ्रातिशीघ्र समुचित व्यवस्था करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## पदनाम में संशोधन

***40 श्री खालिद अनवर (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **सामान्य प्रशासन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) क्या यह सही है कि अधिसूचना संख्या-15/बि.स.सं.-02/02/2008 सा.प्र.-22093, दिनांक-15.12.2023 (बिहार सचिवालय सेवा संशोधन) नियमावली 2023 में निहित प्रावधानों के तहत सहायक संवर्ग के कर्मचारी का पदनाम में संशोधन करते हुए सहायक प्रशाखा पदाधिकारी के नाम से नामित किया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि उच्चवर्गीय लिपिक एवं निम्नवर्गीय लिपिक का भी नामांकरण भारत सरकार, विधि विभाग, बिहार एवं उच्च न्यायालय, पटना में उच्चवर्गीय लिपिक एवं निम्नवर्गीय लिपिक को उच्चवर्गीय सहायक एवं निम्नवर्गीय सहायक के नाम से नामित किया गया है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उच्चवर्गीय लिपिक एवं निम्नवर्गीय लिपिक को उच्चवर्गीय सहायक एवं निम्नवर्गीय सहायक के नाम से नामित करना चाहती है, यदि हाँ तो कब तक?

----

## पर्यटन स्थल के रूप में विकसित

***41 डा. उर्मिला ठाकुर (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **पर्यटन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत गढ़पूरा प्रखण्ड स्थित बाबा हरिगिरीधाम मंदिर उत्तर बिहार का प्रसिद्ध शिवजी का मंदिर है, जहाँ महाशिवरात्रि एवं श्रावणी मेला के अवसर पर विशाल मेला का आयोजन किया जाता है जिसमें लाखों श्रद्धालु भाग लेते हैं तथा सालोंभर दर्शन हेतु श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहता है;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार उक्त मंदिर स्थान को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## प्रकिया में बदलाव

***42 श्री कुमार नागेन्द्र (स्थानीय प्राधिकार, जहानाबाद, गया एवं अरवल ):**

क्या मंत्री, **सहकारिता** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि राज्य में पैक्स अध्यक्ष के चुनाव हेतु वोटर बनाने के लिए पैक्स अध्यक्ष ही अनुशंसा करते हैं, तभी वोटर लिस्ट में नाम जोड़ा जाता है;

(ख) क्या यह सही है कि पैक्स अध्यक्षों द्वारा ही वोटर बनाने हेतु अनुशंसा करने के कारण पैक्स अध्यक्ष के चुनाव की निष्पक्षता पर संशय रहता है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पैक्स अध्यक्ष के चुनाव में वोटर बनाने की प्रक्रिया में पैक्स अध्यक्ष की अनुशंसा के स्थान पर कोई अन्य प्रक्रिया/नियम बनाने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## नाला के पानी का बहाव रोकने हेतु कार्रवाई

***43 प्रो. संजय कुमार सिंह (तिरहुत शिक्षक):**

क्या मंत्री, **नगर विकास एवं आवास** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि डॉ. राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा के अंतर्गत कृषि विज्ञान केन्द्र, शिवहर के कार्यालय एवं परिसर के अंदर नगर परिषद्, शिवहर द्वारा निर्मित नाले का पानी करीब एक वर्ष से लगातार बह रहा है, जिसके कारण कृषि विज्ञान केन्द्र, शिवहर का वातावरण दूषित हो रहा है ;

(ख) क्या यह सही है कि वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान, कृषि विज्ञान केन्द्र, शिवहर ने अपने पत्रांक-696/कृ.वि.केन्द्र, दिनांक-02.02.2024 के द्वारा अपने पत्र के माध्यम से तत्कालीन जिला पदाधिकारी, शिवहर का ध्यान आकृष्ट किया था, किन्तु अभी तक इस संबंध में कोई कार्रवाई नहीं की गई हैं ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कृषि विज्ञान केन्द्र, शिवहर के कार्यालय एवं परिसर में नाले के पानी के बहाव को रोकने हेतु

आवश्यक कार्रवाई कराना चाहती है, यदि हाँ तो कब तक?

----

## अधूरी सड़क का निर्माण

***44 श्री अफाक अहमद खां (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **नगर विकास एवं आवास** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) क्या यह सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत बिहार शरीफ प्रखंड के मुहल्ला-इमादपुर से नई सराय तक नगर निगम द्वारा सड़क का निर्माण किया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि बीच में ही उक्त सड़क को अधूरा छोड़ दिया गया है;

(ग) क्या यह सही है कि जिस सड़क का निर्माण किया गया है, उसपर लोगों द्वारा बड़ा-बड़ा ब्रेकर बना दिया गया है जिससे छोटी गाडि़यों को आने-जाने में असुविधा हो रही है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार अधूरी सड़क का निर्माण कराते हुए सड़क पर बने ब्रेकरों को हटाने का विचार रखती है ,यदि हां तो कबतक ,नहीं तो क्यों?

----

## पर्यटकीय कैलेंडर में शामिल

***45 श्री नीरज कुमार (पटना स्नातक):**

क्या मंत्री, **पर्यटन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) क्या यह सही है कि जहानाबाद जिला अंतर्गत NH 83 पर अवस्थित नेर ग्राम में द्वापर युगीन उषेशेश्वरनाथ महादेव मंदिर का नवनिर्माण श्रद्धालुओं एवं ग्रामीणों के सहयोग से अंतिम चरण में है ;

(ख) क्या यह सही है कि कहा जाता है कि उक्त शिवलिंग की स्थापना द्वापर युग के सम्राट बाणासुर ने अपनी इकलौती पुत्री उषा के लिए पूजा अर्चना हेतु करवाई थी, जिनकी कृपा से उषा का विवाह भगवान श्री कृष्ण के पोते एवं प्रद्युम्न के पुत्र अनिरुद्ध के साथ हुई थी ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार ग्राम नेर स्थित उषेशेश्वरनाथ महादेव को पर्यटकीय कैलेंडर में शामिल करना चाहती है, यदि हाँ तो कब तक ?

----

## सड़क का निर्माण

***46 श्रीमती रीना देवी (स्थानीय प्राधिकार, नालन्दा):**

क्या मंत्री, **नगर विकास एवं आवास** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि पटना न्यू बाइपास पर मेट्रो का कार्य चल रहा है जिसके कारण खेमनीचक से लेकर मीठापुर सिपारा पुल तक हमेशा जाम की स्थिति बनी रहती है जिससे आमजन, स्कूल बसें, बच्चे सभी को प्रतिदिन घोर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है;

(ख) क्या यह सही है कि खेमनीचक से मीठापुर सिपारा पुल तक दक्षिणी नीचे वाली सर्विस लेन काफी जर्जर एवं गड्ढे में तब्दील हो चुकी है, जिसपर वाहनों का परिचालन एवं आमजन का चलना मुश्किल हो रहा है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार पटना न्यू बाइपास के दक्षिणी नीचे वाली सर्विस लेन खेमनीचक से जगनपुरा-रामकृष्णानगर होते हुए मीठापुर सिपारा पुल तक सड़क का निर्माण बरसात के पहले कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक?

----

## पावर हाउस निर्माण हेतु भूमि उपलब्ध कबतक

*47 **श्री घनश्याम ठाकुर (मनोनीत):**

क्या मंत्री, **राजस्व एवं भूमि सुधार** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि विद्युत कार्यपालक अभियंता मधुबनी के पत्रांक-1759, दिनांक-26/10/23 प्रभारी पदाधिकारी, जिला राजस्व शाखा मधुबनी के पत्रांक-VIII-34/2023/2434/जि०रा०, दिनांक-07/12/23 जिला पदाधिकारी ,मधुबनी के पत्रांक-161/ जि०रा०को० के द्वारा सभी अधिकारी के पत्राचार में बसौली पावर हाउस के निर्माण हेतु अंचल अधिकारी से जमीन की मांग की गई थी;

(ख) क्या यह सही है कि जमीन उप्लब्ध होते हुए भी अंचल अधिकारी रहिका के द्वारा अभिलेख नहीं भेजने के कारण अपर समाहर्ता, मधुबनी के द्वारा स्पष्टीकरण मांगा गया था जिसका जवाब भी अप्राप्त है व अभिलेख भी नहीं भेजा गया;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बसौली में पावर हाउस निर्माण हेतु भूमि उपलब्ध कराना चाहती है तथा उच्च अधिकारी का आदेश नहीं मानने के कारण हो रहे विलंब पर अंचल अधिकारी रहिका पर कार्रवाई करना चाहती है?

----

## पर्यटन स्थल के रूप में विकसित

*48 **श्री सौरभ कुमार (पश्चिमी चम्पारण स्थानीय प्राधिकार):**

क्या मंत्री, **पर्यटन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि बेतिया जिला अन्तर्गत भिखना ठोढ़ी एक रमणीक पर्यटक स्थल के रूप में विकसित होने की सभी तरह की क्षमता रखता है;

(ख) क्या यह सही है कि 1912 ई. में दिल्ली दरबार में बिहार राज्य निर्माण की घोषणा के बाद सम्राट जॉर्ज पंचम भिखना ठोढ़ी में आकर कई दिनों तक विश्राम किए थे, पुनः 1921 में यूरोपियन पर्यटक यहां आकर ठहरे थे;

(ग) क्या यह सही है कि भिखना ठोढ़ी में पर्यटकों के ठहरने के लिए पर्याप्त व्यवस्था नहीं है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार भिखना ठोढ़ी को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करना चाहती है, यदि हां तो कब तक ?

----

## स्मार्ट गांधी मैदान कबतक

***49 श्री रवीन्द्र प्रसाद सिंह (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **नगर विकास एवं आवास** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि राजधानी पटना का सौन्दर्यीकरण कर स्मार्ट पटना बनाने की योजना पर कार्य हो रहा है;

(ख) क्या यह सही है कि स्मार्ट योजना अन्तर्गत पटना में अनेक पथों एवं नालों का निर्माण तथा पार्कों एवं गोलम्बरों का सौन्दर्यीकरण का कार्य किया जा रहा है;

(ग) क्या यह सही है कि राजधानी पटना के हृदय स्थली पर गांधी मैदान है, जिसमें हजारों शहरवासी सुबह से लेकर देर रात्रि तक बैठते हैं, टहलते हैं;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार स्मार्ट योजना से स्मार्ट गांधी मैदान बनाने का विचार रखती है, यदि हाँ तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## वरीयता का निर्धारण

***50 श्री देवेश कुमार (मनोनीत):**

क्या मंत्री, **सामान्य प्रशासन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि किसी सेवा संवर्ग में सीधी भर्ती / प्रोन्नति/अनुकम्पा / सामंजन आदि विभिन्न रीतियों से समान पद पर भिन्न-भिन्न वर्षों में नियुक्त सेवकों की आपसी वरीयता उनके भर्ती वर्ष, जो नियुक्ति हेतु भेजी गयी अधियाचना के वर्ष / वित्तीय वर्ष होती है, अथवा बैच के आधार पर निर्धारित की जाती है;

(ख) क्या यह सही है कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने सिविल अपील वाद संख्या-7514-15/2006 में नियुक्ति हेतु अधियाचना भेजने की तिथि के वर्ष अथवा वित्तीय वर्ष को भर्ती वर्ष निर्धारित करने का आदेश पारित किया है;

(ग) क्या यह सही है कि किसी एक सेवा संवर्ग में प्रतियोगिता परीक्षा द्वारा एक ही विज्ञापन से नियुक्त समान पद एवं संवर्ग के सेवकों के बीच आपसी वरीयता, चयन प्राधिकार द्वारा भेजी गयी अनुशंसा एवं मेधाक्रम के आधार पर निर्धारित की जाती है;

(घ) क्या यह सही है कि एक ही सेवा संवर्ग में सीधी भर्ती से प्रथम नियुक्ति के उच्चतर वेतनमान में प्रथमतः नियुक्त होने वाले सेवकों की वरीयता, प्रथम नियुक्ति के निम्नतर वेतनमान में उसी सेवा संवर्ग में प्रथमतः नियुक्त सेवक से उच्चतर निर्धारित करने का प्रावधान है;

(ड़) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सभी विभागों / जिला पदाधिकारियों / नियोक्ता प्राधिकार को भर्ती वर्ष चिन्हित करने, मेधाक्रम एवं भर्ती वर्ष तथा प्रथम नियुक्ति के उच्चतर वेतनमान के आधार पर आपसी वरीयता निर्धारित करने हेतु स्पष्ट मार्गदर्शन / निर्देश देने का विचार रखती है, यदि हां तो कब तक नहीं तो क्यों?

----

## सड़क एवं नाला की व्यवस्था

*51 **श्री अशोक कुमार (स्थानीय प्राधिकार, नवादा):**

क्या मंत्री, **नगर विकास एवं आवास** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि पटना जिलान्तर्गत दानापुर प्रखण्ड के वार्ड संख्या 12 मुहल्ला में सगुना देवी चौड़ा (मधुपल्ली) में सड़क एवं नाला की व्यवस्था बहुत ही खराब है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त मुहल्ला में नाला नहीं रहने के कारण गंदा पानी घर के दरवाजे के पास जमा रहता है जिससे आने-जाने में काफी कठिनाई होती है एवं बदबू के कारण बीमारी होने का खतरा बना रहता है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार उक्त मुहल्ला में सड़क एवं नाला की उचित व्यवस्था कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## राशि का भुगतान

*52 **श्री अनिल कुमार (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **सहकारिता** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि जहानाबाद जिला अंतर्गत प्रखंड मोदनगंज के ओकरी पैक्स अध्यक्ष नरेंद्र शर्मा के द्वारा किसान के धान का क्रय वर्ष 2021- 2022 में किया गया था, जिसका भुगतान अभी तक नहीं किया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि पैक्स द्वारा अधिप्राप्ति के बाद शीघ्र ही किसान का राशि भुगतान करने का प्रावधान है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार उक्त पैक्स से किसानों के अधिप्राप्ति के राशि का भुगतान कराना चाहती है, यदि हां तो कब तक नहीं तो क्यों?

----

## जमीनों का दाखिल-खारिज

*53 **श्री सच्चिदानंद राय (स्थानीय प्राधिकार, सारण):**

क्या मंत्री, **राजस्व एवं भूमि सुधार** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि सारण जिलान्तर्गत अंचल-मांझी के मौजा-मुबारकपुर, रेवाल, बगही का संयुक्त रूप से पंजी-2 में जमाबंदी होने के कारण 90 प्रतिशत रजिस्ट्री दस्तावेज का दाखिल-खारिज एवं लगान की वसूली बंद है;

(ख) क्या यह सही है कि जमाबंदी अपडेट नहीं होने के कारण राजस्व प्राप्ति नहीं होने से सरकार को राजस्व की क्षति हो रही है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उतर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सभी मौजा का जमाबंदी अलग-अलग कराकर जमीनों का दाखिल-खारिज कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कब तक, नहीं तो क्यो ?

----

## नाला को अतिक्रमण से मुक्त

*54 **श्री तरुण कुमार (समस्तीपुर स्थानीय प्राधिकार):**

क्या मंत्री, **नगर विकास एवं आवास** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि दरभंगा नगर निगम के अंतर्गत राजकुमार गंज के वार्ड नं०-12 में नाला पर ही बाउंड्रीवॉल निर्माण कर दिया गया है, जिससे आम जनता को काफी कठिनाइयों का सामना करना पर रहा है;

(ख) क्या यह सही है कि नगर निगम के द्वारा बार-बार नोटिस देने के उपरांत भी अभी तक अतिक्रमण मुक्त नहीं हुआ है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार उक्त नाला को अतिक्रमण से मुक्त करना चाहती है, यदि हाँ तो कब तक?

----

## जलजमाव से मुक्त

*55 **प्रो. गुलाम गौस (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **नगर विकास एवं आवास** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि जहानाबाद-अरवल एन.एच. स्थित राजा बाजार रेलवे अंडर पास और जहानाबाद सदर अस्पताल पहली ही वर्षा में डूब गई है और नगर परिषद के साफ-सफाई के दावे खोखले साबित हो गए हैं ;

(ख) क्या यह सही है कि नगर परिषद के साफ-सफाई के दावे के बावजूद कुछ ही समय की बारिश ने रेलवे अंडर पास और जहानाबाद सदर अस्पताल की स्थिति जर्जर कर दी है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार जलजमाव से निदान कबतक करना चाहती है , यदि  नहीं तो क्यों ?

----

## अरबों रुपए का नुकसान

*56 **श्रीमती शशि यादव (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **सूचना प्रौद्योगिकी** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि बिहार स्टेट इलेक्ट्रॉनिक्स डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड (बेल्ट्रान) बिहार सरकार का उपक्रम है जो सरकार के आईटी विभाग का एक कार्यकारी विंग है;

(ख) क्या यह सही है कि सरकार के विभिन्न विभागों / कार्यालयों में दशकों से डाटा एंट्री ऑपरेटर / प्रोग्रामर/ आईटी गर्ल व आईटी बॉय की सेवा आउटसोर्स एजेंसी बेल्ट्रॉन द्वारा लिया जा रहा है ;

(ग) क्या यह सही है कि बेल्ट्रान द्वारा नियोजित आउटसोर्स कर्मियों के मासिक मानदेय भुगतान में सेवा कर व जीएसटी राशि की कटौती की जाती है जिससे प्रति वर्ष सरकार को अरबों रुपए का नुकसान झेलना पड़ रहा है ;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार बेल्ट्रान द्वारा नियोजित आउटसोर्स मानदेय कर्मियों को सीधे अपने अधीनस्थ करने का विचार रखती है, यदि हां तो कब तक,नहीं तो क्यों ?

----

## वार्डों में नल-जल योजना की व्यवस्था

*57 **प्रो. (डा.) वीरेन्द्र नारायण यादव (स्नातक सारण):**

क्या मंत्री, **नगर विकास एवं आवास** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि सारण जिलान्तर्गत नगर पंचायत माँझी वार्ड नं०-12 एवं 13 में अभी तक नल-जल योजना की सुविधा नहीं पहुँची है;

(ख) यदि उपर्युकत खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार उक्त स्थान पर

नल-जल की व्यवस्था करना चाहती है, यदि हाँ तो कब तक नहीं तो क्यों ?

----

## भूमि चिन्हित कबतक

*58 **प्रो. (डा.) रामवचन राय (मनोनीत)ः**

क्या मंत्री, **राजस्व एवं भूमि सुधार** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि गोपालगंज जिला के मसोमात चिरैया देवी, पति स्व. लोरिक यादव, ग्राम-सेलार खुर्द, पंचायत- पकौली बरो, अंचल- फुलवरिया की पुस्तैनी जमीन खाता नं.- 42, खेसरा नं.- 732, 733 एवं 734, रकबा-0-5-18 की नापी भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, हथुआ के पत्रांक-786, दिनांक- 07.11.2022 के आलोक में अंचल अमीन फुलवरिया की उपस्थिति में संबंधित भूमि को चिन्हित कर दी गई है;

(ख) क्या यह सही है कि चिन्हित जगह पर पीलर नहीं बनाने से पुनः आपसी विवाद काफी बढ़ गया है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार चिन्हित स्थान पर शीघ्र पीलर बनाने की व्यवस्था सुनिश्चित करना चाहती है ताकि दोनों पक्ष अपने-अपने हिस्से की जमीन पर अपना घर या जोत आबाद कर सके, यदि हां तो कबतक ?

----

## जमीन पर अवैध कब्जा

*59 **श्री अशोक कुमार पाण्डेय (विधान सभा)ः**

क्या मंत्री, **राजस्व एवं भूमि सुधार** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि श्री विश्वनाथ पासवान, पिता - स्व० लगनदेव पासवान के नाम से ग्राम- दिग्घी खुर्द, पो०- दिग्घी, थाना - हाजीपुर सदर, जिला- वैशाली में नया खाता नं०–62, नया खेसरा नं०- 46 एवं 47, रकबा –6 1/2 डि०, थाना नं० 156, अंचल हाजीपुर में भूमि एवं मकान अवस्थित है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त जमीन पर दिनांक - 02.06.2024 को श्री राकेश राय, पिता- स्व० ब्रजनन्दन राय एवं श्री संतोष राय, पिता- श्री किशुन राय द्वारा अन्य बाहरी व्यक्तियों के साथ मिलकर श्री पासवान की अनुपस्थिति में अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया;

(ग) क्या यह सही है कि जमीन एवं मकान पर अवैध कब्जा करके उक्त व्यक्तियों द्वारा श्री पासवान को जान से मारने की धमकी दी जा रही है, जिसको लेकर श्री पासवान ने थाना हाजीपुर सदर एवं भूमि उपसमाहर्ता, हाजीपुर को पत्र लिखकर अवैध कब्जा छुड़ाने एवं धमकी को लेकर कार्रवाई करने के लिए आवेदन दिया, परंतु दुर्भाग्यवश अबतक कोई भी कार्रवाई नहीं की गई है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार उक्त भूमि को यथाशीघ्र अवैध कब्जा से मुक्त कराकर श्री पासवान को हस्तांतरित कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

## पुल का निर्माण

*60 **श्री अशोक कुमार अग्रवाल ( कटिहार त्रिस्तरीय पंचायती राज):**

क्या मंत्री, **नगर विकास एवं आवास** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि रेल लाइन होने के चलते कटिहार शहर दो भागों में बंटा हुआ है तथा दोनों भागों के आवागमन के लिए रेल विभाग द्वारा उपरगामी पुल निर्मित है;

(ख) क्या यह सही है कि दिन-प्रतिदिन बढ़ती आबादी एवं वाहनों की संख्या में अत्यधिक वृद्धि के कारण पुल पर जाम की समस्या होने से आम आदमी को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है तथा पुल पर अधिक भार भी पड़ रहा है ;

(ग) क्या यह सही है कि वर्तमान पुल के समानांतर पुल का निर्माण होने से आवागमन में काफी सुविधा होगी;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार वर्तमान में निर्मित पुल के समानांतर नया पुल निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## कर वृद्धि में सुधार

*61 **डा. समीर कुमार सिंह (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **नगर विकास एवं आवास** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि नगर निगम ने गैर-आवासीय संपत्ति कर (टैक्स) तीन गुणा, उद्योग, गोदाम एवं वेयर हाउस में दो गुणा तथा निजी विद्यालय, निजी महाविद्यालय, शोरूम, सिनेमाहॉल, मॉल, रेस्टोरेन्ट, कोचिंग एवं दवा दुकानों में कर डेढ़ गुणा बढ़ा दिया है;

(ख) क्या यह सही है कि करों में बढ़ोतरी से उद्योग-व्यापार पर प्रतिकूल असर पड़ेगा तथा छोटे-छोटे व्यवसायी अपनी दुकानें बंद करने पर विवश हो जाएंगे;

(ग) क्या यह सही है कि यह बढ़ोतरी व्यवसायियों और आमजनों के लिए व्यावहारिक नहीं है, एक कुठाराघात है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार खण्ड 'क' में वर्णित करों की वृद्धि एवं विसंगतियों में सुधार करने का विचार रखती है, यदि हां तो कब तक,

नहीं तो क्यों ?

----

## स्ट्रीट लाइट ठीक कब तक

***62 श्री श्रीभगवान सिंह कुशवाहा (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **नगर विकास एवं आवास** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि भोजपुर जिला के नगर निगम एवं नगर पंचायतों में ई0सी0एल0 कम्पनी द्वारा स्ट्रीट लाइट लगायी गयी है;

(ख) क्या यह सही है कि वर्तमान में 70 प्रतिशत से ज्यादा लाइट खराब पड़ी हुई है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खराब पड़ी हुई लाइट को पुनः ठीक करने की व्यवस्था कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## जर्जर पथ

***63 श्री विजय कुमार सिंह (भागलपुर,बॉका स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **नगर विकास एवं आवास** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि पटना जिलान्तर्गत दानापुर नगर परिषद् के वार्ड नं०-3, दाऊदपुर में शाहपुर थाना के पास मस्जिद के बगल से श्री विनोद कुमार के मकान तक पथ की स्थिति काफी जर्जर है;

(ख) क्या यह सही है कि खंड 'क' में वर्णित पथ की लंबाई लगभग 309 मीटर लंबी एवं 18 फीट चौड़ी है;

(ग) क्या यह सही है कि पथ की जर्जर स्थिति से जल-जमाव के कारण आये दिन दुर्घटना होती रहती है एवं आवागमन बाधित हो जाता है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार खंड 'क' में वर्णित पथ का यथाशीघ्र निर्माण कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक ?

----

## सड़क का निर्माण

***64 प्रो. (डा.) नवल किशोर यादव (शिक्षक पटना):**

क्या मंत्री, **नगर विकास एवं आवास** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि पटना जिले के वार्ड नं०-08 में शास्त्रीनगर सब्जी मंडी से मनसा मंदिर होते हुए शिव मंदिर, बोर्ड कॉलोनी गेट तक जाने वाली सड़क की स्थिति अत्यंत ही

दयनीय है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त सड़क में नाला निर्माण कार्य आधा-अधूरा छोड़ दिया गया है, जिससे बरसात के दिनों में उक्त सड़क की स्थिति नारकीय हो गई है और आए दिन दुर्घटनाएँ भी होती रहती हैं;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण शीघ्रातिशीघ्र कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक नहीं तो क्यों ?

----

## प्रखंड कार्यालय भवन का निर्माण

*65 **श्री सर्वेश कुमार (स्नातक दरभंगा):**

क्या मंत्री, **नगर विकास एवं आवास** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि बेगूसराय जिले में शाम्हो प्रखंड की स्थापना लगभग 20 वर्ष पूर्व हुई थी। शाम्हो में आज तक प्रखंड कार्यालय का भवन निर्माण नहीं हो सका है ;

(ख) क्या यह सही है कि शाम्हो प्रखंड कार्यालय भवन निर्माण हेतु लगभग 2 एकड़ भूमि की उपलब्धता है एवं सरकार के सामान्य मानक के अनुरूप इतनी भूमि पर्याप्त नहीं है ;

(ग) क्या यह सही है कि गया के बेलागंज प्रखंड, शेखपुरा जिले के घाट कुसुंभा प्रखंड मे प्रखंड सूचना केंद्र प्रौद्योगिकी केंद्र भवन का निर्माण हुआ है जो बहुमंजिला भवन है जिसमें प्रखंड कार्यालय भी चल रहा है ;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडो के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार शाम्हो प्रखंड में जहां सिर्फ तीन ही पंचायत है वहां प्रखंड कार्यालय सूचना प्रौद्योगिकी केंद्र भवन एवं विकास के अन्य कार्यों हेतु बहुमंजिला भवन बनाने का विचार रखती है, यदि हाँ तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

----

## जल निकासी कब तक

*66 **श्री राधाचरण साह (स्थानीय प्राधिकार, भोजपुर एवं बक्सर):**

क्या मंत्री, **नगर विकास एवं आवास** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि बक्सर नगर निगम अंतर्गत पाण्डेयपट्टी मुहल्ला में जल निकासी हेतु पूर्व में बने नाले के अवरुद्ध हो जाने के चलते वहाँ के निवासियों को काफी कठिनाई हो रही है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त समस्या के स्थायी निराकरण हेतु राज्य सरकार के स्तर से कोई योजना तैयार की गई है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार उक्त मुहल्ले की जल

निकासी हेतु योजना बनाने एवं उसके  शीघ्र कार्यान्वयन का विचार रखती है, यदि हाँ तो कब तक, नहीं तो क्यों?

----

## लंबित निर्माण कार्य का अनुमोदन

*67 **श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **नगर विकास एवं आवास** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि दरभंगा नगर निगम क्षेत्र में जल जीवन हरियाली योजना अंतर्गत बेलादुल्लाह तालाब के घाट सह पाथ-वे निर्माण कार्य का प्राक्कलन मो०1,31,66,400/- (एक करोड़ इकतीस लाख छियासठ हजार चार सौ) रु० का तैयार कर कार्यपालक अभियंता, नगर विकास प्रमंडल, दरभंगा के पत्रांक-1840, दिनांक-10.06.2023 द्वारा अधीक्षण अभियंता, नगर विकास अंचल, दरभंगा को तकनीकी अनुमोदन हेतु प्रेषित किया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि निर्माण कार्य का प्राक्कलन अभी तक अनुमोदित नहीं  होने के कारण निर्माण कार्य लंबित है ;

(ग) यदि उपर्यक्त खंडो के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार प्राक्कलन को कब तक अनुमोदित करने का विचार रखती है, यदि नहीं तो क्यों ?

----

## राजकीय मेला घोषित कबतक

*68 **श्री महेश्वर सिंह (पूर्वी चम्पारण स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **पर्यटन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि पूर्वी चंपारण जिला, मोतिहारी अरेराज अनुमंडल स्थित सोमेश्वर नाथ महादेव मंदिर स्थित है जहाँ सरकारी ट्रस्ट, पर्यटन भवन सहित कई सुविधायें सरकार द्वारा प्रदान की गयी हैं;

(ख) क्या यह सही है कि इस मंदिर में पूजा-पाठ करने के लिये सावन एवं माघ महीने में हजारों की संख्या में श्रद्धालु देश भर से आते हैं और इन दोनों महीनों में यहाँ बहुत बड़ा मेला लगता है;

(ग) क्या यह सही है कि यहाँ की जनता की वर्षों से मांग रही है कि इस मेला को राजकीय मेला घोषित किया जाए जिसमें बहुत पैसा भी नहीं लगेगा ;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार जन आकांक्षा के अनुरूप अरेराज अनुमंडल स्थित सोमेश्वर नाथ महादेव मंदिर में लगने वाले मेला को राजकीय मेला घोषित करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## दोषी पदाधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई

***69 डा. संजीव कुमार सिंह (कोशी शिक्षक):**

क्या मंत्री, **राजस्व एवं भूमि सुधार** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि श्रीमती अंजना ने पटना जिलान्तर्गत फुलवारीशरीफ प्रखंड के मौजा-हल्का- सकरैचा में डीड संख्या-9174, दिनांक-21.06.2022 को खाता नं0-199, प्लॉट नं0-867, एरिया-8.0468 डी. क्रय किया है, जिसका ऑनलाइन दाखिल-खारिज का आवेदन केस नं0-21655, दिनांक 21 फरवरी, 2023 है,

(ख) क्या यह सही है कि विक्रेता श्री दिनेश प्रसाद यादव, पिता- श्री बालेश्वर प्रसाद यादव, ग्राम-नोनी, थाना-सिरदला, पो.-लौंद, जिला-नवादा के डीड संख्या-26223, दिनांक-03.10.2012 में भी मौजा-हल्का- सकरैचा, खाता नं0-199 एवं 246, प्लॉट नं0-867 एवं 866, एरिया-8.59375 डी. दर्ज है। उक्त जमीन का दाखिल-खारिज भाग वर्तमान-07, पृष्ठ संख्या-830, जमाबंदी संख्या-1195 में खाता नं0-199 एवं प्लॉट संख्या-246, रकवा-शून्य अंकित किया गया है;

(ग) क्या यह सही है कि जमाबंदी पंजी में प्लॉट नं0-867 के जगह पर खाता नं0-246 अंचल कार्यालय द्वारा अंकित किया गया है जो कि गलत है;

(घ) क्या यह सही है कि खतियान एवं सर्वे नक्शा में भी खाता नं0-199, प्लॉट नं0-867 ही अंकित है;

(ङ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार जमाबंदी पंजी में सुधार करते हुए श्रीमती अंजना, पति- श्री संजय कुमार, मुहल्ला- मित्रमंडल कॉलोनी, साकेत विहार, पटना के नाम से दाखिल-खारिज करने एवं दोषी पदाधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है यदि हां तो कबतक?

----

## नगर पंचायत का दर्जा कबतक

***70 डा. उर्मिला ठाकुर (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **नगर विकास एवं आवास** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत गढ़पुरा प्रखंड का गढ़पुरा बाज़ार प्रसिद्ध नमक सत्याग्रह स्थल के साथ-साथ उत्तर बिहार का प्रसिद्ध बाबा हरिगिरि धाम शिव धर्मस्थल है, जो नगर पंचायत बनने की सभी अर्हताएँ पूरी करता है, यदि हाँ तो क्या सरकार गढ़पुरा को नगर पंचायत का दर्जा प्रदान करने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकरात्मक है तो क्या सरकार गढपुरा को नगर पंचायत का दर्जा कब तक देना चाहती है यदि नहीं तो क्यों?

----

## गली एवं नाली का पक्कीकरण

*71 **श्री रवीन्द्र प्रसाद सिंह (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **नगर विकास एवं आवास** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि पटना नगर निगम अन्तर्गत वार्ड नं0 30 के अवध नगरी गली, न्यू दशरथा है जिसकी लम्बाई लगभग 700 फीट है जो पूरी तरह कच्ची है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त गली में लगभग 40 मकान बना हुआ है ,जिसमें रहने वाले लोगों को आने-जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार उक्त गली एवं नाली का पक्कीकरण कराने का विचार रखती , यदि हाँ तो कब तक, नहीं तो क्यों?

----

## नगर भवन का मरम्मती एवं जीर्णोद्धार

*72 **श्री अशोक कुमार (स्थानीय प्राधिकार, नवादा):**

क्या मंत्री, **नगर विकास एवं आवास** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि नवादा जिला के रजौली प्रखंड अंतर्गत पूर्व में नगर भवन का निर्माण कराया गया था ;

(ख) क्या यह सही है कि नगर भवन रजौली का उद्घाटन आजतक नहीं किया गया जिससे भवन की स्थिति काफी जर्जर हो गई है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार नगर भवन रजौली का मरम्मती एवं जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, यदि हाँ तो कब तक,नही तो क्यों ?

----

## दोषी पदाधिकारी के विरूद्ध कार्रवाई

*73 **श्री अनिल कुमार (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **राजस्व एवं भूमि सुधार** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि जहानाबाद सदर अंचल कार्यालय में दस्तावेज के सत्यापन हेतु रसीद जमा होने के बाद भी दस्तावेज का पेपर अभिलेखागार से नहीं मिल रहा है;

(ख) क्या यह सही है कि सदर अंचल जहानाबाद के कार्यालय में श्री धीरज कुमार का रसीद संख्या 157, दिनांक 14/03/24 जमा होने के बाद भी दस्तावेज की सत्यापित प्रति निर्गत नहीं की गई है;

(ग) यदि उपर्युकत खंडो के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सत्यापित दस्तावेज

उपलब्ध नहीं कराने वाले दोषी पदाधिकारी पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

----

## कठोर कार्रवाई कबतक

*74 **प्रो. संजय कुमार सिंह (तिरहुत शिक्षक):**

क्या मंत्री, **राजस्व एवं भूमि सुधार** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि सीतामढ़ी जिला अंतर्गत ग्राम-भटौलिया, थाना न०-179 अंचल-बथनाहा में विशेष सर्वे कर्मी अमीन शशि कुमार के द्वारा सर्वे विपत्र के साथ दस्तावेज, रसीद, खतियान आदि की छायाप्रति स्थानीय भू-धारकों से जमा करवाया गया लेकिन किसी भी व्यक्ति को प्राप्ति रसीद नहीं दिया;

(ख) क्या यह सही है कि स्थल सर्वे के क्रम में अमीन के द्वारा प्रत्येक प्लॉट (खेसरा) पर नहीं जाकर अपने व्यक्तिगत कार्यालय में बैठ कर गलत तरीके से विशेष लाभ के तहत दूसरे व्यक्तियों का रजिस्टर पर खेसरा नं० के सामने उनका नाम अंकित कर दिया जाता है;

(ग) क्या यह सही है कि दिनांक-18/10/2022 को इस संबंध में संबंधित भू-धारकों के द्वारा संयुक्त हस्ताक्षरयुक्त अभ्यावेदन समार्हता, सीतामढी को दिये जाने के बावजूद अभी तक कोई भी कार्रवाई नहीं की गई है;

(घ) क्या यह सही है कि इस संबंध में माननीय प्रश्नकर्ता सदस्य प्रो० संजय कुमार सिंह, ने भी अपने पत्रांक एस० के०113/23 दिनांक 06/03/2023 को तत्कालीन मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग बिहार पटना को वस्तुस्थिति से अवगत कराया है;

(ङ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार सीतामढी जिला अंतर्गत ग्राम भटौलिया, थाना न०-179 ,अंचल- बथनाहा में विशेष सर्वे कर्मी अमीन शशि कुमार के द्वारा किये गए सर्वे की उच्चस्तरीय जांच कराते हुए उक्त अमीन के विरूद्ध कठोर कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हाँ तो कब तक ?

----

## मानदेय में बढ़ोतरी

*75 **श्रीमती रीना देवी (स्थानीय प्राधिकार, नालन्दा):**

क्या मंत्री, **नगर विकास एवं आवास** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि पंचायती राज संस्थानों के जनप्रतिनिधियों यथा- जिला परिषद् सदस्य, पंचायत समिति सदस्य, मुखिया एवं वार्ड सदस्यों के मानदेय में बढ़ोतरी की गई है लेकिन नगर विकास विभाग के जनप्रतिनिधियों यथा- नगर निगम के

वार्ड पार्षद, नगर परिषद् के वार्ड पार्षद एवं नगर पंचायत के वार्ड पार्षदों का मानदेय नहीं बढ़ाया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि नगर निकायों के जनप्रनिधियों के मानदेय में बढ़ोतरी नहीं होने के कारण भेदभाव एवं असंतोष है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार नगर निकायों के जनप्रतिनिधियों के मानदेय में सम्मानजनक बढ़ोतरी करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक ?

----

## सड़क का निर्माण

***76 श्री सौरभ कुमार (पश्चिमी चम्पारण स्थानीय प्राधिकार):**

क्या मंत्री, **नगर विकास एवं आवास** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि बेतिया नगर निगम ने अपने पत्रांक 219 दिनांक 25-1-2024 द्वारा बेतिया शहर के तीन महत्वपूर्ण सड़क निर्माण एवं मरम्मति हेतु प्रशासनिक स्वीकृति एवं आवंटन उपलब्ध कराने के लिए अनुरोध किया है परन्तु अब तक यह अप्राप्त है;

(ख) क्या यह सही है कि लौरिया, बगहा, रामनगर एवं अन्य क्षेत्रों से आनेवाले मरीज को बेतिया अस्पताल तक पहुंचने के लिए मनुआपुल मुख्य सड़क एन.एच. 727 से जमादार टोला होते हुए कालीबाग ओ.पी. चौक के नजदीक ब्यास प्रसाद के घर तक जानेवाली सड़क का उपयोग करना होता है जो शहर का लाईफ-लाईन सड़क माना जाता है;

(ग) क्या यह सही है कि संत टेरेसा जाने वाली सड़क में खिरी के पेड़ से कमलनाथ नगर चौक होते हुए एनएच 727 मेन रोड तक तथा वार्ड नं.17 में जोड़ा शिवालय मंदिर के पास राज देवढ़ी के पूर्वी गेट से भवानी मंडपल होते हुए राज कचहरी कार्यालय के सामने तक एवं राज देवढ़ी के दक्षिण गेट से ऑटो स्टैण्ड के नजदीक पुल तक पी.सी.सी. सड़क निर्माण की मांग वर्षों से की जा रही है,

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार जनहित में बेतिया नगर निगम द्वारा प्रेषित पत्र के आलोक में सड़क निर्माण एवं मरम्मति के लिए प्रशासनिक स्वीकृति एवं आवंटन देने हेतु शीघ्र निर्णय लेना चाहती है, यदि हां तो कब तक ?

----

## अतिक्रमण मुक्त कबतक

***77 श्री अफाक अहमद खां (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **राजस्व एवं भूमि सुधार** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत एकंगर सराय अंचल के मौजा गोमहर

थाना न0- 45 में खाता संख्या -123 खेसरा संख्या -379 के उत्तर तरफ15 फीट चौड़ी एक गली है;

(ख) क्या यह सही है कि गली सार्वजनिक उपयोग हेतु थी, इससे आम लोग तथा पशु भी आते जाते थे, जरूरत पड़ने पर चौपहिया वाहन भी गुजरता था;

(ग) क्या यह सही है कि गली का अवैध अतिक्रमण हो जाने से इस गली की चौड़ाई मात्र तीन फुट से भी कम हो गयी है ;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त गली को सार्वजनिक उपयोग हेतु एवं अतिक्रमण से मुक्त कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## डोर टू डोर कचड़ा उठाव

*78 **श्री तरुण कुमार (समस्तीपुर स्थानीय प्राधिकार):**

क्या मंत्री, **नगर विकास एवं आवास** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है की समस्तीपुर नगर निगम में डोर टू डोर कचड़ा उठाव का प्रावधान है;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार समस्तीपुर नगर निगम में डोर टू डोर कचड़ा उठवाना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## सड़क का निर्माण

*79 **श्री अशोक कुमार अग्रवाल ( कटिहार त्रिस्तरीय पंचायती राज):**

क्या मंत्री, **नगर विकास एवं आवास** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि कटिहार रेल लाइन जो कटिहार शहरी क्षेत्र को दो भागों में बांटती है, जिसे पार करने के लिए एक मात्र रेल ओवर ब्रिज है, जिस पर जाम की समस्या बनी रहती है;

(ख) क्या यह सही है कि शहर के दोनों भागों को जोड़ने के लिए दुर्गास्थान चौक से बाटा चौक – जी.आर.पी. चौक होते हुए मनिहारी मोड़ तक एक एलिवेटेड सड़क बनाये जाने की आवश्यकता है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार खंड 'ख' में वर्णित सड़क बनाये जाने का विचार रखती है, यदि हाँ तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## टैक्स वसूली की स्थिति में सुधार

*80 **श्री सर्वेश कुमार (स्नातक दरभंगा):**

क्या मंत्री, **नगर विकास एवं आवास** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि राज्य के शहरीकरण को बढ़ावा देने के लिए बहुत सारे ग्राम-पंचायतों को जहां खेती की भूमि है उनको भी नगर निगम का हिस्सा बनाया गया है ;

(ख) क्या यह सही है कि नगर निगम के ऐसे भाग जो कृषि की जमीन है जहां खेती का काम हो रहा है वैसे जगह पर भी नगर निगम प्रति स्क्वायर फीट की दर से टैक्स की गणना कर जमीन के जोतेदारों से टैक्स की मांग कर रही है। बेगुसराय नगर निगम में यह स्थिति कई वार्डों मे हैं जैसे कैथमा, पसपुरा, एघु, हनुमानगढ़ी, डुमरी एवं अन्य स्थानों पर है ;

(ग) क्या यह सही है कि नगर निगम एवं नगर परिषद के ऐसे क्षेत्र जहाँ खेती का काम हो रहा है, बाढ़ आ रहा है वहाँ व्यवसायिक कर निर्धारण नहीं होना चाहिए ;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार इस स्थिति में सुधार करना चाहती है और जिस भूमि पर कृषि कार्य हो रहा है उसपर टैक्स समाप्त करना चाहती है, यदि हां तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

----

## लंबित योजनाओं का कार्यान्वयन

*81 **प्रो. (डा.) वीरेन्द्र नारायण यादव (स्नातक सारण):**

क्या मंत्री, **नगर विकास एवं आवास** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि पटना जिले के वार्ड सं०-2, आकाशवाणी रोड, खाजपुरा में नल-जल योजना अन्तर्गत पाईप लाईन विस्तार संबंधी योजना विभाग में लंबे समय से लंबित है;

(ख) क्या यह सही है कि पटना जिले के वार्ड नं०-2 में भभुआ कोठी से के० एन० तिवारी के घर तक सड़क एवं भूगर्भ नाला निर्माण की योजना भी वर्षों से लंबित है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार दोनों लंबित योजनाओं को शीघ्रातिशीघ्र कार्यान्वित कराना चाहती है, यदि हां तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

----

## अनुदान राशि का भुगतान

*82 **श्री घनश्याम ठाकुर (मनोनीत):**

क्या मंत्री, **आपदा प्रबंधन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि दैनिक भास्कर पेपर में दिनांक 28.09.2021 को प्रकाशित शीर्षक "मुबारकपुर में आकाशीय बिजली गिरने से युवक की मौत, एक छपरा रेफर" की ओर आपका ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूँ; (प्रेस कतरण की छाया प्रति संलग्न)

(ख) क्या यह सही है कि सारण जिलान्तर्गत माँझी थाना के ग्राम पो०- मुबारकपुर के मन्टु महतो, पिता- गया महतो की मृत्यु दिनांक 27.09.2021 को आकाशीय बिजली गिरने के कारण हो गई है;

(ग) क्या यह सही है कि मृतक मन्टु महतो, उम्र-32 वर्ष की मृत्यु के पश्चात घर की आर्थिक स्थिति बहुत ही दयनीय हो गई है;

(घ) क्या यह सही है मृतक की शादी 2013 में हुई थी, लेकिन पत्नी शादी के छः माह बाद ही पति को छोड़कर वह अपने मायके चली गई और वहीं रहती है इसलिए मृतक की माँ रेशमा देवी के द्वारा सभी कागजातों के साथ अनुदान हेतु आवेदन अंचलाधिकारी, माँझी को दिनांक 26.02.2022 को दी गई है;

(ङ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार मृतक की माँ रेशमा देवी को चार लाख रूपये अनुदान की राशि यथाशीघ्र भुगतान करना चाहती है, यदि हाँ तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## पर्यटकीय सुविधाओं का विकास

*83 **श्री राधाचरण साह (स्थानीय प्राधिकार, भोजपुर एवं बक्सर):**

क्या मंत्री, **पर्यटन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि बक्सर जिला मुख्यालय से सटे कथकौली मैदान में वर्ष-1764 में बंगाल के नबाब मीर कासिम और अंग्रेजी सेना के बीच भीषण युद्ध हुआ था;

(ख) क्या यह सही है कि सरकारी उदासीनता के चलते ऐतिहासिक महत्व का उक्त मैदान आज बदहाल स्थिति में है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार कथकौली मैदान में पर्यटकीय सुविधाओं का विकास कराने का विचार रखती है, यदि हाँ तो कब तक?

----

## परीक्षा का परिणाम घोषित कब तक

*84 **प्रो. गुलाम गौस (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **सामान्य प्रशासन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि बिहार स्टाफ सेलेक्शन कमीशन के द्वारा सहायक उर्दू

अनुवादक की परीक्षा लेने के वर्षों बाद अब तक उसका परिणाम नहीं दिया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि वर्षों बीत जाने के बावजूद परीक्षा का परिणाम न आने के कारण उम्मीदवार आशाहीन हो चुके हैं;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार उपरोक्त परीक्षा का परिणाम देकर उक्त समस्या का निदान करना चाहती है, यदि हां तो कबतक ?

----

## जाम की समस्या से निजात

*85 **श्री देवेश कुमार (मनोनीत):**

क्या मंत्री, **नगर विकास एवं आवास** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि मुजफ्फरपुर में जाम एक बड़ी समस्या बन गई है, शहर के मुख्य इलाकों में मल्टीस्टोरेज मार्केट का विस्तार हुआ है, जिसमें एक-दो शॉपिंग कॉम्प्लेक्स को छोड़कर अधिकांश स्थान पर पार्किंग एरिया नहीं है, जिसके कारण सड़क और फ्लाई ओवर के मुहाने तक वाहन लगे रहते हैं और जाम की समस्या उत्पन्न हो जाती है;

(ख) क्या यह सही है कि मुख्य बाजार में अतिक्रमण की वजह से भी जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है, जो एक गंभीर समस्या है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार मुख्य बाजार को अतिक्रमण मुक्त करवाते हुए जाम से निजात पाने के लिए कोई उचित योजना बनाना चाहती है, यदि नहीं तो क्यों?

----